Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding setting up of Kendriya Vidyalaya in Raipur Parliamentary Constituency, Chhattisgarh.

श्री सुनील कुमार सोनी (रायपुर): अध्यक्ष जी, धन्यवाद। मैं शिक्षा मंत्री जी से निवेदन करता हूं कि रायपुर लोक सभा क्षेत्र के अंतर्गत जिला बलौदा बाजार और भाटापारा, जो कि औद्योगिक क्षेत्र है, वह पिछड़ा वर्ग और अनुसूचित जाति बहुल क्षेत्र भी है। कृपया बलौदा बाजार या भाटापारा विधान सभा क्षेत्र में केन्द्रीय विद्यालय प्रारम्भ किए जाने की कृपा करें। केन्द्रीय विद्यालय के लिए जो पांच किलोमीटर का दायरा होता है, यह सभी सांसदों के लिए आता है, कृपया उस दायरे को समाप्त करेंगे, क्योंकि केन्द्रीय विद्यालय एक लोक सभा क्षेत्र में दो या तीन हैं। इसलिए पांच किलोमीटर के इस दायरे को समाप्त करें। बहुत-बहुत धन्यवाद।